

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

कक्षा - 9

हिंदी (आलोक)

अध्याय – 6

चिकित्सा का चक्कर

बेढब बनारसी

भाग – 4

अभ्यासमाला

कीर्ति बसुमतारी

अभ्यासमाला

1. सही विकल्प का चयन करो :

(क) लेखक बीमार पड़ने पर कौन-सा बिस्कुट खाना चाहता है?

(i) ब्रिटेनिया।

(ii) पारलेजी।

(iii) गुडडे।

(iv) हंटले।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ख) कहानी में औषधियों का राजा और रोगों का रामबाण किसे बताया गया है?



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ग) वैद्यजी लेखक को देखने किस सवारी से आए थे?



(i) मोटर से

(ii) रिक्शा से

(iii) पालकी में

(iv) घोड़े पर

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(घ) गीली मिट्टी पेट पर लेप कर धूप में बैठने की सलाह लेखक को किसने दी?

(i) वैद्य जी ने

(ii) डॉ. चुहानाथ कातरजी ने

(iii) हकीम साहब ने

(iv) प्रकृति चिकित्सक ने

2. पूर्ण वाक्य में उत्तर दो:

(क) लेखक की आयु कितनी है?



2. पूर्ण वाक्य में उत्तर दो:

(क) लेखक की आयु कितनी है?

उत्तर : लेखक की आयु (35) पैंतीस है।

(ख) बाग बाजार का रसगुल्ला किसके यहाँ से आया था?



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ख) बाग बाजार का रसगुल्ला किसके यहाँ से आया था?



उत्तर : बाग बाजार का रसगुल्ला प्रसाद जी के यहां से आया था।

(ग) सरकारी डॉक्टर ने लेखक को किस फार्मेसी से दवा मंगाने की सलाह दी?



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ग) सरकारी डॉक्टर ने लेखक को किस फार्मेसी से दवा मंगाने की सलाह दी?



उत्तर : सरकारी डॉक्टर ने लेखक को 'चन्द्रकला फार्मेसी से दवा मंगाने की सलाह दी।

(घ) डॉक्टर चूहानाथ कातरजी की फीस कितनी थी?



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(घ) डॉक्टर चूहानाथ कातरजी की फीस कितनी थी?

उत्तर : डॉक्टर चूहानाथ कातरजी की फीस आठ रुपये थी।

(ङ) लेखक को ओझा से दिखाने की सलाह किसने दी?



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ङ) लेखक को ओझा से दिखाने की सलाह किसने दी?



उत्तर : लेखक को ओझा से दिखाने की सलाह अपनी नानी की मौसी ने दी थी।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

3. संक्षेप में उत्तर दो (लगभग 25 शब्दों में):

(क) लेखक बीमार कैसे पड़ा?



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

3. संक्षेप में उत्तर दो (लगभग 25 शब्दों में):

(क) लेखक बीमार कैसे पड़ा?

उत्तर : एक दिन लेखक ने हॉकी खेलते समय अत्यधिक रिफ्रेशमेंट खा लिया। घर पहुँचकर उन्होंने बारह पूरियाँ और प्रसाद जी के यहाँ से आए छह रसगुल्ले भी खा लिए। अत्यधिक भोजन करने के कारण वे बीमार पड़ गए।

(ख) पेट में दर्द होने पर लेखक ने कैसी दवा ली?



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ख) पेट में दर्द होने पर लेखक ने कैसी दवा ली?

उत्तर : पेट दर्द होते ही लेखक ने हमेशा अपने पास रखने वाली औषधियों का राजा, रोगों का रामबाण, अमृतधारा की शीशी की कुछ बूंदें पी लीं। वे इसे पेट दर्द और खराब पाचन के लिए सबसे प्रभावी और तुरंत लाभ देने वाली दवा मानते थे।

(ग) अपने देश में चिकित्सा की कौन-कौन-सी पद्धतियाँ प्रचलित हैं?



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ग) अपने देश में चिकित्सा की कौन-कौन-सी पद्धतियाँ प्रचलित हैं?

उत्तर : हमारे देश में एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा, दंत चिकित्सा, घरेलू उपचार और आध्यात्मिक चिकित्सा जैसी कई पद्धतियाँ प्रचलित हैं।

(घ) डॉ. चूहानाथ कातर जी ने लेखक का इलाज कैसे किया?



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(घ) डॉ. चूहानाथ कातर जी ने लेखक का इलाज कैसे किया?

उत्तर : डॉ. चूहानाथ कातर जी ने थोड़ा पानी गरम करवाया और दो रुपए की दवा मँगवाई। उन्होंने उस दवा को एक छोटी पिचकारी में भरा, जिसके आगे लंबी सुई लगी थी। फिर उसी सुई को लेखक के पेट में चुभाकर दवा डाल दी और उन्हें सांत्वना देकर चले गए।

(ङ) वैद्य जी ने लेखक को दर्द का क्या कारण बताया?



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ङ) वैद्य जी ने लेखक को दर्द का क्या कारण बताया?

उत्तर : वैद्य जी ने नाड़ी देखकर बताया कि लेखक को वायु का प्रकोप है। यकृत से उठकर वायु पित्ताशय मे पहुँच गई और वहाँ से आंतों तक चली गई। इससे मंदाग्नि उत्पन्न हुई और भोजन रुक जाने के कारण ही पेट में शूल (दर्द) हुआ।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो (लगभग 50 शब्दों में):

(क) लेखक ने वैद्यजी और हकीम साहब की पोशाकों के बारे में कैसा व्यंग्य किया?

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो (लगभग 50 शब्दों में):

(क) लेखक ने वैद्यजी और हकीम साहब की पोशाकों के बारे में कैसा व्यंग्य किया?

उत्तर : लेखक वैद्रद्यजी की धोती, कंधे की दुपट्टी और मलिन जनेऊ का ऐसा चित्रण करते है कि लगता है मानो वे कुश्ती लड़कर आए हों।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

हकीम साहब का चिकन का बंददार कुरता, पाजामा, जूते और बनारसी लोटे जैसी चमकदार टोपी भी उनके दिखावटी स्वभाव पर व्यंग करते हैं, जिससे दोनों की पोशाकें हास्यास्पद प्रतीत होती हैं।



(ख) चिकित्सकों के अलावा लेखक ने और किन लोगों पर कटाक्ष किया है?



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ख) चिकित्सकों के अलावा लेखक ने और किन लोगों पर कटाक्ष किया है?

उत्तर : चिकित्सकों के अलावा लेखक उन लोगों पर भी व्यंग्य करते हैं जो उन्हें देखने तो आते थे, पर साथ में तरह-तरह के नुस्खे थमाते और बेकार की बातें करके दिमाग चाटते थे। वे अपनी मित्र मंडली पर भी कटाक्ष करते हैं, जो रोग की जगह नाटकों और व्यक्तियों पर चर्चा करते थे। लेखक अपने नानी की मौसी पर भी व्यंग्य करते हैं, जो बीमारी को "ऊपरी बाधा" बताकर अंधविश्वास दिखाती थीं।

(ग) दो खुराक पीते-पीते दर्द वैसे ही गायब हो जाएगा, जैसे हिंदुस्तान से सोना गायब हो रहा है।' भाव स्पष्ट करो।



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ग) दो खुराक पीते-पीते दर्द वैसे ही गायब हो जाएगा, जैसे हिंदुस्तान से सोना गायब हो रहा है।' भाव स्पष्ट करो।

उत्तर : जब सरकारी डॉक्टर लेखक को देखने आए तो उन्होंने पूरी जाँच कर दवा लिख दी और गरम पानी से सेंकने की सलाह दी। डॉक्टर ने भरोसा दिलाया कि दर्द उतनी जल्दी गायब हो जाएगा जितनी जल्दी भारत का सोना गायब हो रहा है। इस उपमा के माध्यम से लेखक व्यंग्य करता है कि जिस तरह सदियों से हिंदुस्तान से सोना गायब हो रहा है, उसी तरह लेखक का दर्द भी गायब हो जाएगा।

(घ) ‘चिकित्सा का चक्कर’ पाठ का कौन-सा प्रसंग तुम्हें सबसे अच्छा लगा और क्यों?



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(घ) 'चिकित्सा का चक्कर' पाठ का कौन-सा प्रसंग तुम्हें सबसे अच्छा लगा और क्यों?

उत्तर : 'चिकित्सा का चक्कर' पाठ का सबसे अच्छा प्रसंग वह है जहाँ लेखक पहली बार बीमार पड़ने की इच्छा जताते हैं और फिर विभिन्न डॉक्टरों (वैद्य, हकीम, होम्योपैथी) से इलाज करवाते समय मिलने वाली सहानुभूति, भीड़ और हास्यास्पद सलाहों का आनंद लेते है।

(ङ) 'रसगुल्ले छायावादी कविताओं की भाँति सूक्ष्म नहीं थे, स्थूल थे।' यह हास्य-व्यंग्य के प्रसंग प्रसाद जी के यहाँ से आये बाग बाजार के रसगुल्ले के संबंध में है, जिनमें से छह बड़े-बड़े रसगुल्ले लेखक ने खाना खा चुकने के बाद खाये थे। इसी तरह पाठ से पाँच हास्य-व्यंग्य के प्रसंग छाँटकर लिखो।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ङ) 'रसगुल्ले छायावादी कविताओं की भाँति सूक्ष्म नहीं थे, स्थूल थे।' यह हास्य-व्यंग्य के प्रसंग प्रसाद जी के यहाँ से आये बाग बाजार के रसगुल्ले के संबंध में है, जिनमें से छह बड़े-बड़े रसगुल्ले लेखक ने खाना खा चुकने के बाद खाये थे। इसी तरह पाठ से पाँच हास्य-व्यंग्य के प्रसंग छाँटकर लिखो।

उत्तर : चिकित्सा का चक्कर पाठ के आधार पर पाँच हास्य-व्यंग के प्रसंग कुछ इस प्रकार हैं-

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

1. डॉक्टरों की फीस पर व्यंग

"जैसे कुछ लोगों का सौन्दर्य रात में बढ़ जाता है, उसी प्रकार डॉक्टरों -की फीस भी रात होते ही अचानक बढ़ जाती है"।

2. लोगों के नुस्खे पर व्यंग-

लेखक व्यंग्यपूर्वक कहता है कि आगन्तुक इतने नुस्खे बताते थे कि खाने के लिए जूते को छोड़कर ऐसी कोई वस्तु नहीं बचती थी।

3. डॉक्टर की वेशभूषा पर व्यंग्य

लेखक डॉक्टर की पोशाक पर कटाक्ष करते हुए कहता है कि उन्होंने सूट इस अंदाज़ में पहन रखा था, मानो वे प्रिंस ऑफ़ वेल्स के निजी सेवकों में शामिल हों।

4. जीभ दिखाने पर व्यंग्य

जिस तरह प्रेमियों को अपनी प्रेमिकाओं की आँखें देखने में आनंद आता है, शायद उसी प्रकार डॉक्टरोंको मरीजों की जीभ देखने में मज़ा आता है।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

5.दर्द गायब होने पर व्यंग__

"दो खुराक पीते-पीते आपका दर्द वैसे ही गायब हो जाएगा जैसे हिन्दुस्तान से सोना गायब हो रहा है।"

